
पुणा International School

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

# Class –III

# HINDI

# Year- 2020-21


रिमझिम - 3
तीसरी कक्षा के लिए हिंदी की पाठ्यपुस्तक

# पाठ –५

# बहादुर बित्तो


**लेखकः रवीन्द्र कुमार वर्मा**

## १ :कठिन शब्दः

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| १:बित्तो | २:जवाब | ३:गुस्सा | ४:बैल | ५:फटकारा |
| ६:मरियल | ७:तुम्हारा | ८:शर्म | ९:आँते | १०:मुश्किल |
| ११:फ़ौरन | १२: कोशिश | १३:वक्त | १४:भेड़िया | १५:होश-हवास |

## २ : शब्दार्थ

१:किसान :खेतिहर
२:सुबहः सबेरा
३:गुस्सा : नाराजगी, क्रोध
४:फटकारा :जोर से डाँटना
५: मरियल : कमजोर
६:फौरन : तुरंत, जल्दी ही
७:कोशिश प्रयत्न
८: मुश्किल : कठिन
९ :जान बची - सही-सलामत होना
१० :हिम्मत : साहस
११ : आँते : शरीर के अन्दर का हिस्सा
१२ :काँपना : भयभीत होना









## ३ :अतिलघु प्रश्न-उत्तर

१:किसान की बीवी का क्या नाम था ?

उत्तर : किसान की बीवी का नाम बित्तो था ।

२ : शेर ने किसान से क्या माँगा था ?

उत्तर : शेर ने किसान से घोड़ा माँगा था ।

३ : किसान ने घर जाकर शेर के लिए क्या लाने की बात की ?

उत्तर : किसान ने घर जाकर शेर के लिए गाय लाने की बात की ।

४ : शेर के पास जाने के लिए बित्तो ने सिर पर क्या बाँधा ?

उत्तर : शेर के पास जाने के लिए बित्तो ने सिर पर पग्गड़ बाँधा ।

५ : शेर ने बित्तो को क्या समझ लिया ?

उत्तर : शेर ने बित्तो को राक्षसी समझ लिया ।

## ४:लघु प्रश्न - उत्तर



१ : बित्तो कौन थी ?

उत्तर : बित्तो किसान की बीवी थी ।

२ : शेर ने किसान के सामने क्या शर्त रखी ?

उत्तर : शेर ने किसान से उसका बैल माँगने की शर्त रखी ।

३ : किसान अपने बैल को क्यों नही खोना चाहता था ?

उत्तर :किसान अपने बैल कों नही खोना चाहता था क्यो कि अगर शेर बैल को खा लेता तो वो लोग भुखे मर जाँएगे ।

४: किसान के बच्चे किस चीज के साथ रोटी खाते थे ?

उत्तर : किसान के बच्चे गाय के दूध के साथ रोटी खाते थे ।

५ : बित्तो ने किसान को क्या समझाकर शेर के पास भेजा ?

उत्तर : बैल के सामने घोडे को लेकर आने की बात समझाकर बित्तो ने किसान को शेर के पास भेजा ।

६:शेर से उसकी उदासी का कारण किसने पूछा ?

उत्तर : शेर से उसकी उदासी का कारण भेडिया ने पूछा ।

७:शेर ने अपनी उदासी का क्या कारण बताया ?

उत्तर : शेर ने कहाकि आज एक ऐसी राक्षसी से पाला पड़ गया जो सुबह चार शेरों का नाश्ता करती हैं ।

८: भेडिये की बात सुनकर शेर कहा ँजाने के लिए तैयार हो गया ?

उत्तरः भेड़िये की बात सुनकर शेर किसान के खेत मे जाने के लिए तैयार हो गया ।

९ : शेर और भेड़िए को एक साथ देखकर किसान की क्या दशा हुई ?

उत्तर : शेर और भेड़िए को एक साथ देखकर किसान के होश-हवास गुम हो गए ।

१० : शर ने भेड़िए को धोखेबाज क्यों समझ लिया ?

उत्तरः शेर ने भेड़िए को धोखेबाज समझ लिया क्यों कि बित्तो ने भेडिये से कहा कि चार शेरनी को लाने की बात थी यहाँ तो एक ही शेरनी आयी है ।

११ : दोबारा शेर के भागने पर किसान और बित्तो क्यों निश्चित हो गए ?

उत्तर : दोबारा शेर के भागने पर किसान और बित्तो निश्चित हो गए कि शेर अब दोबारा नही आयेगा ।

## ५ :दीर्घ प्रश्न उत्तर

१ : बित्तो को गुस्सा क्यों आया ?

उत्तर : शेर किसान के खेत में घुस गया और किसान को बोला कि तुम्हारा बैल मुझे दे दे मैं उसे खा जाऊँगा ,यह बात सुनकर किसान ने कहा कि मैं घर जा कर बैल लाता हूँ। यह सुनकर बित्तो को गुस्सा आया ।

२ : शेर डर के मारे क्यों काँपने लगा ?

उत्तर : बित्तो घोडा लेकर जब खेत पर पहुँची और जोर से चिल्लाई अरे किसान ।तू तो कहता था कि तूने चार शेरों को फासँ कर रखा है ।यहाँ तो सिर्फ एक ही है, बाकी कहाँ गए ? अच्छा ,कोई बात नही,नाश्ते में एक ही काफी है यह सुनते ही शेर डर के मारे काँपने लगा ।

# <u>६ : व्याकरण</u>

**प्रश्न** : सर्वनाम किसे कहते है ?

उत्तर : वाक्य में जिस शब्द का प्रयोग संज्ञा के बदले में होता है, उसे सर्वनाम कहते हैं। सर्वनाम शब्द का अर्थ है- सब का नाम।

संज्ञा जहाँ केवल उसी नाम का बोध कराती है, जिसका वह नाम है, वहाँ सर्वनाम से केवल एक के ही नाम का नहीं, सबके नाम का बोघ होता है।

जैसेः हम, मैं, वह, मैं, तुम, वे, कोई

**सर्वनाम** **वाक्य**

१ : आप : आप कहाँ गए थे ?
२ : सब : सब खाना खा रहे हैं ।
३ :कुछ : कुछ पैसे दो ।
४ :हम : हम कल घूमने जाऐगे ।
५ : कोई : कोई आया हैं

स्वाध्यायः सर्वनाम का प्रयोग करते हुए पाँच वाकय लिखिए :

## ७ :लेखन-विभागः चित्र -लेखन :

नीचे दिए गए चित्र को देखकर पाचँ वाक्य लिखिए ।



१ : यह एक बगीचा हैं ।
२ :इस बगीचे में बच्चे खेलते हैं ।
३ :बगीचा बहुत सुन्दर हैं ।
४ : बगीचे में बच्चा किताब पढ़ रहा हैं ।
५ : बगीचे में झुला लगा हैं।

प्रवृति : शेर का चित्र बनाइए और उसमें  रंग भरिए-



# पाठ -६

# हमसे सब कहते

**लेखकः निराकार देव सेवक**

नहीं सूर्य ----------------------------डाटँ बताए । लेखक के नाम के साथ)

भावार्थ : इस कविता मे लेखक सूर्य से यह कहता है कि तुम यहाँ अपनी धूप को मत फैलाओ और चाँद को कहता है कि तुम अपनी चाँदनी को अपने साथ ले कर जाओ ।

बाद मे वह हवा को भी कहता है कि खबरदार तुम अंदर मत आना और बादल से भी कहता है कि तुम यहाँ पर अपनी जल की धारा को यहाँ पर कभी भी मत बरसाना ।

बाद मे वह यह कहता है कि भैया तो हम से कहते है कि तुम यहाँ से भाग जाओ,यहाँ पर तुम कभी भी मत आना और उसकी माँ कहती है कि पूरे घर मे यह खेल तुम मत खेला करो और हर तरफ अपने खिलौने मत फैलाया करो ।

बाद मे पापा भी कहते है कि बाहर जाओ और बाहर जा कर तुम अपना खेल खेलो खबरदार अंदर आना मत सब हमको बोलते है क्यों कि हम छोटे है ,सब अपना बस हम पर चलाते है, जो भी चाहे हम को डाँट सुनाके चले जाते है ।

## १ :कठिन शब्द :


१: सूर्य २: धूप ३: मत ४: चादँ ५ : चाँदनी ६ :हवा
७:खबरदार ८: बादल ९ : जलधार १० : बरसाई ११ : डाँट
१२ : खेल - खिलौने





## २ : शब्दार्थ :


१: सूर्य : सूरज,रवि
२ : फैलाओ : बिखेरना
३ : चाँद : चंद्रमा



४ : हवा : वायु,समीर
५ : बादल : घटा,घन
६ : जलधार :पानी की धार
७ : अम्मा : माँ ,मम्मी



## ३ :अतिलघु प्रश्न-उत्तर :



१:सूर्य क्या फैलाता हैं ?
उत्तर : सूर्य धूप फैलाता हैं ।
२:चाँद क्या प्रदान करता है ?
उत्तर : चाँद चाँदनी प्रदान करता है ।
३: बादल क्या बरसाता हैं ?
उत्तर :बादल जलधार बरसाता हैं ।
४ :पापा हमें कहाँ खेलने के लिए कहते है ?
उत्तर : पापा हमें बाहर खेलने के लिए कहते है ।

## ४:लघु प्रश्न - उत्तर :

१ :सूर्य को क्या करने के लिए मना नहीं किया जाता ?
उत्तर : सूर्य को धूप फैलाने लिए मना नहीं किया जाता ।
२: हवा को किस बात की स्वतत्रता है ?
उत्तर : हवा को अंदर आने की स्वतंत्रता है ।
३ : बादल से कोई क्या नहीं कहता ?
उत्तर: बादल से कोई कहता है कि कोई क्यों जलधार यहाँ बरसाई ।
४:पापा बच्चों को किस बात के लिए खबरदार करते हैं?
उत्तर : पापा बच्चों को कहते हैकि बाहर खेलो खबरदार जो अंदर आए ।
५: बच्चों पर किस - किसका बस चलता है ? हमसे सब कहते कविता के आधार पर लिखिए ?
उत्तर : अम्मा,पापा,भैया और दीदी का बस चलता हैं।

## ५ :दीर्घ प्रश्न उत्तर :

१:बच्चा सूर्य और चाँद से क्या कहते है?

उत्तर :बच्चा सूर्य से कहता है कि कोई यहाँ धूप मत फैलाओ और चाँद से कहता है कि उठा के चाँदनी को ले जाओ ।

२ : बच्चा हवा और बादल से क्या कहते है?

उत्तर : हवा को अंदर आने की स्वतंत्रता है और बादल से कोई कहता है कि कोई क्यौं जलधार यहाँ बरसाई

# ६ : व्याकरण :

**प्रश्न :वाक्य किसे कहते है ?**

**उत्तर :** दो या दो से अ धक पदों के सार्थक समूह को, जिसका पूरा पूरा अर्थ निकलता है, वाक्य कहते हैं।

उदाहरण के लए 'सत्य की वजय होती है।

**निम्न लिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।**

१: **बादल** : आकाश पर कुछ-कुछ बादल थे।

२:निराश: मैं कुछ-कुछ निराश हो चली थी।"

३ : निठुरता : उसे अपने पुत्र की निठुरता का भेद कुछ-कुछ ज्ञात हो चला था।"

४: बाघ : बाघ के आने से लोग डरे हुए थें।

५: बंदर : पेड़ पर बंदर कूद रहा हैं

## ७:लेखन-विभाग :

**जन्मदिन पर न जाने की क्षमा माँगते हुए पत्र**

१७३  वकास नगर
नोयडा ,उत्तर प्रदेश
 प्रय रमेश

**दिनांक : ६ जनवरी, २०२०**

नमस्कार

आशा है  क तुम सकुशल होगे । तुम्हारे जन्मदिन का निमंत्रण पत्र  मला था । दो दिन से मैं बुखार और खाँसी से पी ड़त हूँ , जिस कारण मैं नहीं आ सका । तुम मुझे क्षमा कर देना . जन्मदिन पर तुम्हे बहुत सी शुभकामनाएं ।यह दिन तुम्हारे जीवन में बार – बार आय । चाची जी व चाची जी को नमस्कार कहना ।

शुभकामनाओं के साथ ,

**तुम्हारा मित्र,**
र व  संह

**प्रवृति :बच्चे  का चित्र बनाइए और उसमें  रंग भरिये ।**



# पाठ -७
# टिपटिपवा

लेखक : गिरिजा रानी अस्थाना

## १ :कठिन शब्द :

१:टिपटिपवा २: परेशान ३:मूसलाधार ४:मुसीबत
५:झटपट ६:बेसब्री ७: लट्ठ ८: ढूँढ़
९:उलीचना १0:पंडित ११:झुँझला १२:बेचारा

## २ : शब्दार्थ :





१:रात -निशा
२:बारिश -वर्षा,मेह
३:पानी - नीर,जल
४:दुम -पूँछ
५:परेशान -हैरान
६:डर - भय
७:पोथी -किताब
८:धोबी -जो कपड़े धोता है
९:खूँटे -जहाँ जानवर को बाँधते है
१0 :लट्ठ-लकड़ी



## ३ :अतिलघु प्रश्न-उत्तर :

१:बालक रोज़ किससे कहानी सुनता था ?
उत्तर :बालक रोज़ दादी से कहानी सुनता था ।
२:सारा गाँव किससे परेशान था ?स
उत्तर :सारा गाँव बारिश से परेशान था ।

३ :बारिश से बचने के लिए झोंपडी़ के पीछे कौन बैठा था ?

उत्तरः बारिश से बचने के लिए झोंपडी़ के पीछे बाघ बैठा था ।

४:धोबी का क्या खो गया था ?

उत्तर : धोबी का गधा खो गया था ।

५:बाघ टिपटिपवा के डर से कहाँ छिपा बैठा था ?

उत्तर : :बाघ टिपटिपवा के डर से घास मे छिपा बैठा था ।

## ४:लघु प्रश्न – उत्तर :

१: बुढ़िया की बातें सुनकर बाघ क्यों डर गया ?

उत्तर : बुढ़िया के मुँह से टिपटिपवा की बात सुनकर बाघ डर गया ।

२: बाघ किसके हमले की आशंका से भयभीत था ?

उत्तर :बाघ टिपटिपवा हमले की आशंका से भयभीत था ।

३:धोबी ने अपनी पत्नी की कान - सी सलाह मान ली ?

उत्तर : धोबी की पत्नी ने सलाह दी कि गधे के विषय मे पंड़ित जी से पूछे ।जिसे धोबी ने मान लिया ।

४: धोबी ने पंड़ित जी से क्या पूछा ?

उत्तर : धोबी ने पंड़ित जी से गधे के विषय मे पूछा ।

५ : पंड़ित जी धोबी पर क्यों झुंझला पड़े ?

उत्तर : पंड़ित जी धोबी पर झुँझला पडे क्यों कि पंडित जी घर मे जमा बारिश का पानी उलीच-उलीच कर फेंक रहे थे ।

६: पंड़ित जी धोबी को किसे व कहाँ ढूँढ़ने के लिए कहा ?

उत्तर : पंड़ित जी घोबी को उसके गधे को किसी गढ़ई-पोखर मे ढूँढ़ने के लिए कहा ।

७: बाघ की पिटाई किसने की और क्यों ?

उत्तर : बाघ की पिटाई धोबी ने की क्यों कि धोबी को लगा कि घास मे गधा है ।

८: बाघ शांत होकर धोबी के पीछे - पीछे क्यों चल पडा़ ?

उत्तर :धोबी ने बाघ को मार-मार कर कहा कि मैं तेरा कचूमर निकाल दूगाँ और धोबी ने बाघ के कान पकड़ लिए इसलिए बाघ शांत होकर धोबी के पीछे - पीछे चल पडा ।

९: घर पहुँचकर धोबी ने बाघ का क्या किया ?

उत्तर : घर पहुँचकर धोबी ने बाघ को खूँटे से बाँध दिया और सो गया ।

१0: गाँववाले क्या देखकर आश्चर्यचकित रह गए ?

उत्तर : बाघ को खूँटे से बधा देखकर गाँववाले आश्चर्यचकित रह गए ।

## ५ :दीर्घ प्रश्न उत्तर :

१:बाघ किसकी बात सुनकर डर गया ?स

उत्तर : बाघ बुढ़िया के मुँह से टिपटिपवा की बात सुनकर बाघ डर गया क्यो कि बुढ़िया ने जब कहा कि मुझे तो न शेरवा से डर,न बघवा से डर, मुझे तो डर है टिपटिपवा का ,यह बात सुनकर बाघ डर गया ।

२: बाघ शांत होकर धोबी के पीछे - पीछे क्यों चल पडा ?

उत्तर : धोबी ने बाघ को मार-मार कर कहा कि मैं तेरा कचूमर निकाल दूगाँ और धोबी ने बाघ के कान पकड़ लिए।बाघ बिना चूँ - चपड़ किए भीगी बिल्ली बना धोबी के पीछे - पीछे चल पडा ।

# ६ : व्याकरण : क्रिया

प्रश्न :क्रिया किसे कहते हैं ?

उत्तर : जिन शब्दों से किसी कार्य का करना या होना व्यक्त हो उन्हे क्रिया कहते हैं।

जैसे : रोया, खा रहा,जायेगा आदि क्रिया हैं ।

उदाहरण :

१ : बढ़ई मेज़ बनाता है ।

२ : माली पौधों में पानी देता है ।

३: बंदर केला खाता ह ।

४: शाहजहाँ ने ताजमहल बनवाया ।

५: रामू को साँप ने काटा ।

# ७ :लेखन-विभाग : स्वतंत्रता दिवस

- ❖ प्रतिवर्ष **15** अगस्त के दिन को भारतवासी स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाते हैं ।
- ❖ भारत को **15** अगस्त, **1947** के दिन वह सुनहरी आजादी प्राप्त हुई थी
- ❖ जिसका लोगों को वर्षों से इंतजार था ।
- ❖ इस दिन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने लाल कले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया था ।
- ❖ लोग गुलामी की जंजीरें तोड़कर बहुत प्रसन्न हुए थे ।
- ❖ तब से भारत बहुत उन्नति कर चुका है ।
- ❖ भारत के लोग आज भी अपना स्वतंत्रता दिवस बहुत उत्साह से मनाते हैं ।
- ❖ प्रधानमंत्री लाल कले पर झंडा फहराकर राष्ट्र को संबो धत करते हैं ।
- ❖ वे राष्ट्र को एकजुट रहने तथा अपनी स्वतंत्रता को बरकरार रखने की प्रेरणा देते हैं ।
- ❖ देश के व भन्न भागों में इस दिन चहल-पहल होती है ।
- ❖ लोग तिरंगा झंडा फहराकर एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हैं ।
- ❖ यह दिवस हमें अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों का स्मरण करा जाता है|
- ❖ भारतवासी उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प प्रकट करते हैं ।
- ❖ स्वतंत्रता दिवस भारत के लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर देश के नवनिर्माण की प्रेरणा देता है ।

**प्रवृति : बाघ का चित्र बनाइए और उसमें रंग भरिए-**

